## 29 मार्च को होंगे विदिशा व्यापार महासंघ के चुनाव, सात पदों के लिए मतदान

**खास बातें**

- 15 से 19 मार्च तक नामांकन प्रक्रिया
- 29 मार्च को सुबह 10 से 1 बजे तक मतदान, दोपहर 2 बजे से मतगणना




नवभारत न्यूज

**विदिशा 9 मार्च, विदिशा व्यापार महासंघ के वर्ष 2026-2029 के कार्यकाल के लिए होने वाले चुनावों की घोषणा के साथ ही शहर के व्यापारी वर्ग में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है. चुनाव की तारीख तय होने के बाद संभावित उम्मीदवारों और व्यापारियों के बीच बैठकों और चर्चाओं का दौर तेज हो गया है. शहर के प्रमुख बाजारों में व्यापारी आपस में चुनावी समीकरणों पर चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं.**

होली और रंग पंचमी के त्योहारों के बाद सोमवार को शहर के विभिन्न बाजारों में व्यापारी समूहों में बैठकर चुनाव को लेकर विचार-विमर्श करते नजर आए. कई संभावित प्रत्याशी अपने समर्थकों से मुलाकात कर चुनावी रणनीति बनाने में जुट गए हैं. वहीं व्यापार महासंघ के नए नेतृत्व को लेकर भी अलग-अलग तरह की चर्चाएं बाजारों में सुनाई दे रही हैं. जारी किए गए चुनाव कार्यक्रम के अनुसार महासंघ में कुल सात पदों के लिए निर्वाचन कराया जाएगा. इनमें अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ मंत्री, संयुक्त मंत्री और कोषाध्यक्ष के पद शामिल हैं. इन सभी पदों के लिए व्यापारी प्रतिनिधि मतदान के माध्यम से अपने प्रतिनिधियों का चयन करेंगे. निर्वाचन की प्रक्रिया 29 मार्च रविवार को संपन्न होगी. मतदान शहर के वैशाली नगर स्थित व्यापार भवन में कराया जाएगा. निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है. मतदान समाप्त होने के बाद दोपहर 2 बजे से मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। मतगणना पूरी होते ही चुनाव अधिकारी तत्काल परिणामों की घोषणा करेंगे. चुनाव में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू होगी. नामांकन फॉर्म का शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है. इच्छुक व्यापारी 15 मार्च से 18 मार्च 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल से फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं. आवेदन फॉर्म कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षरयुक्त होना अनिवार्य रहेगा. साथ ही यदि कोई उम्मीदवार बाद में अपना नाम वापस लेता है तो आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग पदों के अनुसार शुल्क भी निर्धारित किया गया है। अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए उम्मीदवार शुल्क 10 हजार रुपये रखा गया है, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वरिष्ठ मंत्री, संयुक्त मंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए 5 हजार रुपये का शुल्क तय किया गया है. यह शुल्क कोषाध्यक्ष के पास जमा करना होगा और उसकी रसीद आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य रहेगा.

नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 मार्च 2026 तय की गई है। इच्छुक उम्मीदवार दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक तिलक चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर के सामने नाकोड़ा साड़ी में बनाए गए चुनाव कार्यालय में अपने आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे. नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया 20 मार्च को दोपहर 3 बजे से की जाएगी. इस दौरान सभी जमा किए गए नामांकन पत्रों की वैधता की जांच की जाएगी. इसके बाद यदि कोई उम्मीदवार अपना नाम वापस लेना चाहता है तो उसके लिए 21 मार्च 2026 को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है.

चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद शहर के व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। कई व्यापारी संगठनों और व्यापारिक समूहों के बीच संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं. आगामी दिनों में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनावी माहौल और भी गर्म होने की संभावना जताई जा रही है. व्यापार महासंघ के इस चुनाव को व्यापारी वर्ग के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि नए पदाधिकारी अगले तीन वर्षों तक व्यापारियों की समस्याओं, बाजार की व्यवस्थाओं और व्यापारिक हितों से जुड़े मुद्दों को उठाने का कार्य करेंगे. यही वजह है कि इस बार चुनाव को लेकर व्यापारी वर्ग में विशेष उत्सुकता और सक्रियता देखने को मिल रही है.

## प्रधानमंत्री आवास कुटी राशि देने में पक्षपात और भ्रष्टाचार की शिकायत



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 9 मार्च, नगर पालिका परिषद के पार्षदों की सहमति से जांच पड़ताल के बाद आवास कुटी पात्र व्यक्तियों को राशि मिलना थी.परंतु किसी को जानकारी नहीं मिली और प्रधानमंत्री आवास कुटी की राशि अपात्र हित ग्राहियों की खाते में डाल दी गई.**

नगर पालिका परिषद के पार्षद सौदान सिंह यादव ने आरोप लगाया है कि दलाल लोगों के माध्यम से सर्वे कराया गया है और इसमें भ्रष्टाचार हुआ है लगभग 190 आवास कुटी की राशि नगर पालिका परिषद के पास आई है.हालांकि इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है कितने लोगों के खाते में राशि डाली गई है.जनता द्वारा निर्वाचित पार्षदों की सहमति से यह राशि खातों में डालना थी परंतु दलालों की सहमति से यह खेल खेला गया सभी वार्डों में समान रूप से यह राशि डालना थी जहां जरूरत नहीं है वहां नहीं डालना चाहिए जरूरतमंद लोगों को महत्व मिलना चाहिए परंतु ऐसा नहीं हुआ.

### सफाई व्यवस्था ठेके पर देने से गड़बड़ाई

गंजबासौदा नगर पालिका परिषद द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था ठेकेदार के हवाले कर दी गई है. इससे लोगों की परेशानी बड़ी है.स्टेशन क्षेत्र वार्ड क्रमांक 3 के रहवासियों ने बताया पिछले एक सप्ताह से कचरा वाहन गलियों में नहीं पहुंच रहा है.कचरा लेने के लिए ठेकेदार के आदमी सुनते नहीं है.नगर पालिका परिषद हर माह ठेकेदार को 16 लख रुपए का भुगतान कर रही है.ठेकेदार के आदमी हर माह लोगों से सफाई कर राशि वसूल रहे हैं.मुख्य नगर पालिका अधिकारी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता वह ठीक से बोल भी नहीं पाते निर्णय भी नहीं ले पाते इस स्थिति में कहां और किससे करें शिकायत कोई सुनने वाला नहीं है.

### क्या कहतीं हैं नपाध्यक्ष

इस संबंध में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव का कहना है हमारे लिए इसकी जानकारी नहीं है हम पता लगते हैं.यह सब कैसे हुआ. वहीं नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव का कहना है हमारे लिए जानकारी नहीं दी गई.यह आश्चर्य जनक है.

### एक नजर में

### निजी मॉल में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहर के एक निजी मॉल में दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया.कहासुनी के बाद शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया, जिससे मॉल परिसर में अफरा-तफरी मच गई. मिली जानकारी के अनुसार मॉल में मौजूद दो पक्षों के युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी. कुछ ही देर में मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर लात-घूंसों और डंडों से हमला करने लगे. घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वीडियो में कई युवक हाथों में डंडे लिए एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं. मॉल के अंदर अचानक हुई इस मारपीट से वहां मौजूद ग्राहकों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई. लोग खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए. कुछ देर तक मॉल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया. पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुए हैं और पूरे मामले की जांच की जा रही है. जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### 53 समूहों को 1 करोड़ का सीसीएल ऋण वितरित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिले में नाबार्ड, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक तथा मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से सीसीएल ऋण का वितरण किया गया. कार्यक्रम में नाबार्ड भोपाल से मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वती, महाप्रबंधक एस.सी. साहू तथा विदिशा जिले से सहायक प्रबंधक श्रीमती जसप्रीत कौर उपस्थित रहीं. वहीं मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक भोपाल से अध्यक्ष आर.सी. बेहरा एवं क्षेत्रीय प्रबंधक सुश्री रेखा तिवारी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं.

## विदिशा में फिर मिला नवजात का शव, कुत्तों के बीच पड़ा मिला मासूम

**5 दिन में दूसरी घटना से इलाके में सनसनी, अस्पतालों के पास शव मिलने से उठे सवाल**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, शहर में एक बार फिर मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है. सांची रोड स्थित खाली प्लॉट में एक नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. सबसे दर्दनाक बात यह रही कि मासूम के शव को कुत्ते नोच रहे थे. सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाकर शव को सुरक्षित करने का प्रयास किया.**

इस घटना ने क्षेत्र में लोगों को झकझोर कर रख दिया है. स्थानीय लोगों के अनुसार यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब महज पांच दिन पहले भी इसी क्षेत्र के आसपास एक नवजात शिशु का शव मिला था. लगातार दूसरी बार ऐसी घटना सामने आने से लोगों में आक्रोश और चिंता दोनों बढ़ गई हैं. लोगों का कहना है कि इस तरह नवजातों के शव मिलने की घटनाएं बेहद गंभीर हैं और इसकी गहन जांच होनी चाहिए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर काफी संख्या में लोग जमा हो गए. जब लोगों ने नवजात को देखा तो कुत्ते उसके शव को नोच रहे थे. लोगों ने तुरंत कुत्तों को वहां से भगाया और शव को सुरक्षित करने का प्रयास किया. आदर्श तिवारी ने बताया कि जिस स्थान पर यह घटना हुई है, उसके आसपास ही अस्पताल और मेडिकल कॉलेज स्थित हैं. ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि नवजात की मौत के बाद किसी ने उसे यहां लाकर फेंक दिया होगा. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अस्पतालों या आसपास के क्षेत्रों में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं तो प्रशासन को इसकी गंभीरता से जांच करनी चाहिए. लोगों ने मांग की है कि पुलिस और प्रशासन मिलकर इस पूरे मामले की पड़ताल करें और यह पता लगाया जाए कि आखिर नवजात को यहां किसने फेंका. लगातार दो बार नवजात शिशु के शव मिलने की घटना ने शहर में कई सवाल खड़े कर दिए हैं. अब लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगा ताकि भविष्य में ऐसी अमानवीय घटनाएं दोबारा न हो सकें.



## श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण जोर शोर से हुआ व्यवसाय

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** रंगपंचमी के पर्व पर प्रसिद्ध करीला में आयोजित होने वाले मेले में रविवार को देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे. जिसके बाद सोमवार की सुबह करीला से वापस आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही. इस दौरान क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर करीला से वापस आने वाले वाहनों की कतार दिखाई दी. इस दौरान बड़ी तादाद में लोगों की प्रमुख मार्गों पर स्थित चाय, नाश्ते आदि की दुकानों पर भीड़ दिखाई दी. लोगों ने इन दुकानों पर पहुंचकर जमकर खरीददारी की. जिसके कारण इन दुकानों पर जोर शोर से व्यवसाय हुआ.

## ग्राम पंचायत ऐंचदा के सचिव पर नियम विरुद्ध भुगतान के लग रहे आरोप

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, ग्राम पंचायत ऐंचदा के सचिव पर नियम विरुद्ध भुगतान करने के आरोप लगाए जा रहे हैं.विस्तृत जानकारी के साथ विकास कार्यों पर भी प्रश्न उठाए गए हैं और भी अनेक शिकायतें की गई है.दस्तावेज सबूत के साथ इसके बाद भी अधिकारी जांच नहीं कर रहे हैं इससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है.**

आखिर क्या वजह है की ग्राम पंचायत की अनियमिताओं को लेकर जांच पड़ताल क्यों नहीं की जा रही है.इसके चलते वास्तविकता सामने नहीं आ रही है.जांच होने पर सारी स्थिति सामने आ जाएगी. कौन गलत और कौन सही जिन्होंने शिकायत की है उनको भी तलब किया जाए और उनसे शिकायत की जानकारी ली जावे इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा. ऐसा माना जा रहा है.राजनीतिक संरक्षण के चलते अधिकारी जांच करने से बच रहे हैं.वे पंगा मोल नहीं लेना चाहते.प्राप्त जानकारी के अनुसार और भी अन्य पंचायतों में भी घोटाले हुए हैं वह भी उजागर होंगे शिकायत करने वालों से समझौता करने के प्रयास बड़े स्तर पर चल रहे हैं.

## स्वास्थ्य मंत्री से मीटिंग के बाद जूडा ने खत्म की हड़ताल



नवभारत न्यूज

**विदिशा,जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन विदिशा के अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव डॉ विमल मेहरा ने बताया की प्रदेश के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में स्टाइपेंड का लम्बित ऑर्डर जारी करने को लेकर चल रही प्रदेशव्यापी हड़ताल को आज प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल जी के आश्वासन पर उनकी बात का सम्मान करते हुये जेडीए ने वापिस लेने का निर्णय लिया.**

जेडीए मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों की कल आयुक्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के साथ भी बैठक हुई और उनके द्वारा भी जल्दी ऑर्डर जारी करने का कहा गया.डॉ विमल ने बताया की वो अपने विरोध की गतिविधियों को अगले सोमवार 16 मार्च तक स्थगित करते है और आशा करते हैं कि मंत्री जी एवं आयुक्त से हुई इस सार्थक बातचीत का सार्थक परिणाम जल्द ही हमें देखने को मिलेगा.जेडीए विदिशा सारे जूनियर डॉक्टर्स एवं मरीजों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा.अगर फिर भी कोई ऑर्डर नहीं आता है तो मजबूरन जेडीए के पास हड़ताल के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा और उसके लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा.

## कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएटीसीसी की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद डीएटीसीसी की बैठक सोमवार को आयोजित की गई थी.कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से जिले के सभी पर्यटन स्थलों का अधिक से अधिक भ्रमण हो इसके लिए रूटचार्ट तैयार करने पर बल दिया गया है.वहीं जिले के विद्यार्थी जिले की पुरातत्व धरोहर व पर्यटन स्थलों से मुखातिब हो इसके लिए स्कूलवार विद्यार्थियों को भ्रमण कराने पर सहमति व्यक्त की गई है. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बसो के माध्यम से पर्यटन स्थलों की जानकारियां सुगमता से सम्प्रेषित हो इसके लिए बसो में फोटोग्राफ लगाए जाने का कार्य जिला परिवहन अधिकारी को सौंपा गया है.

## सर्राफा एसोसियेशन का मना होली मिलन




नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सर्राफा एसोसिएशन का परिवारिक होली मिलन श्रीतारा रिसोर्ट मे बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.जिसमे सर्राफा के पुरूष महिलाए बच्चे सहित तीनों सर्राफा एसोसिएशन के पदादिकारी ,व व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नालाल जैन,नगर निरिक्षक आनंदराज मौजूद रहे.सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाई.गीत संगीत,नृत्यो ने कार्यक्रम मे शमा बांधा.महिलाए पुरूष होली के गीतो पर खूब थिरके. महिला दिवस के अवसर पर महिलाओ का सम्मान किया गया. खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई व पुरस्कार वितरण किये।कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन अर्चना से प्रारंभ हुआ ,नाश्ता ,ठंडाई, ओर भोजन का सभी ने लुफ्त उठाया. जिसमे अध्यक्ष संजय चौधरी, महामंत्री राजेश खुबाल, राजेश सर्राफ, संजीव भंडारी, कमलेश सोनी, अनुराग गोयल, दीपक सोनी, राजेन्द्र स्वर्णकार, अवधनारायण सोनी,राजकुमार सोनी प्रिंस, शैलेन्द्र सोनी ,मोहरसिंह रघुवंशी, दौलतराम सोनी, हीरालाल रघुवंशी, सतेन्द्र लश्करी, कृष्णमोहन गर्ग, लोकेश चौधरी, परषोत्तम सोनी, विजय सोनी, रोहित अग्रवाल, अंशुल ,मुकेश, घनश्याम सहित अनेक सर्राफा परिवार के सदस्य मौजूद रहे.

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण का आयोजन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजन सेक्टर देवपुर में नवांकुर संस्था कचनारिया ग्राम विकास शिक्षण समिति सिरोंज द्वारा ग्राम झंडवा में आयोजित किया गया.जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह दांगी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया.**

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी एवं नवांकुर संस्था प्रभारी रामचरण कुर्मी एवं समिति सदस्य ग्राम खना खेड़ी ग्राम सब्दलपुर, पिपलिया ग्राम झंडवा ग्राम जैतपुर ग्राम अबुआधाना द्वारा सहभागिता की गई. कार्यक्रम का परिचय जन अभियान की अवधारणा विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी द्वारा रखा गया. कार्यक्रम दस्तावेजीकरण एवं नेतृत्व विकास के सत्र आयोजित किए गए जिसमें कार्यक्रम का आभार नवांकुर संस्था प्रभारी द्वारा किया गया कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया.

## पोस्ट ऑफिस की बाउंड्री नगर पालिका की भूमि पर

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** एक समय था जब डाकघर पोस्ट ऑफिस बहुत छोटा सा हुआ करता था स्वर्गीय गणेश प्रसाद अरोरा के प्रयासों से आसपास की जमीन पोस्ट ऑफिस विस्तार के नाम पर ले ली गई और चारों तरफ बाउंड्री वाल का निर्माण भी हो गया. उस समय शहर की आबादी बहुत कम हुआ करती थी.इसके चलते ध्यान नहीं दिया गया. मुख्य मार्ग पर जो बाउंड्री वॉल है उक्त जमीन नगर पालिका की है नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने कभी ध्यान नहीं दिया इसके चलते अब लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. आबादी बहुत तेजी से बड़ी है जय स्तंभ चौक पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है.क्योंकि पोस्ट ऑफिस की बाउंड्री बहुत ज्यादा आगे है.यातायात व्यवस्था भी गड़बड़ा रही है.जरूरी है बाउंड्री वॉल को तोड़कर जगह निकाली जावे.तभी यातायात व्यवस्था सुधरेगी नगर पालिका के अधिकारी डाकघर वालों से दस्तावेज रजिस्ट्री मांगे ताकि स्थिति साफ हो सके.

## डायल-112 की तत्परता से टली बड़ी अनहोनी, तालाब में कूदी महिला को सुरक्षित बचाया

**पारिवारिक विवाद के बाद उठाया आत्म घाती कदम**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले में डायल-112 की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता के चलते एक बड़ी अनहोनी टल गई.थाना त्योंदा क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते तालाब में कूदकर आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला को डायल-112 की टीम ने समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया.**

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में डायल-112 सेवा आमजन की सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है. इसी क्रम में सोमवार को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में सूचना प्राप्त हुई कि त्योंदा थाना क्षेत्र में एक महिला तालाब के किनारे बैठी हुई है और किसी अप्रिय घटना की आशंका है. सूचना मिलते ही त्योंदा क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया. घटनास्थल पर पहुंचने पर डायल-112 स्टाफ आरक्षक राजेंद्र मिश्रा और पायलट देवेंद्र कुशवाहा को जानकारी मिली कि लगभग 35 वर्षीय महिला पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या के उद्देश्य से तालाब में कूद गई है. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डायल-112 टीम ने बिना देर किए सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए तत्काल रेस्क्यू शुरू किया. पुलिस जवानों ने जोखिम उठाकर महिला को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय पर की गई इस कार्रवाई से महिला की जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया. इसके बाद पुलिस जवानों ने महिला को समझाइश देकर शांत किया और उसे सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया. मामले में आवश्यक अग्रिम कार्रवाई थाना त्योंदा पुलिस द्वारा की जा रही है.

**मंडी व्यापार**

**सोयाबीन का अधिकतम भाव 5588 रुपये प्रति क्विंटल, धान और मसूर की भी अच्छी आवक**

## मंडी में 11,942 क्विंटल उपज की आवक, गेहूं 1544 की सर्वाधिक आमद



नवभारत न्यूज

**विदिशा,कृषि उपज मंडी समिति विदिशा में सोमवार को विभिन्न कृषि जिंसों की कुल 11 हजार 942 क्विंटल आवक दर्ज की गई. मंडी प्रशासन द्वारा जारी दैनिक आवक एवं भाव पत्रक के अनुसार गेहूं, धान, सोयाबीन, चना, मसूर और सरसों सहित अन्य फसलों की आवक रही. मंडी में सबसे अधिक आवक गेहूं 1544 किस्म की दर्ज की गई, जिससे व्यापारिक गतिविधियां पूरे दिन सक्रिय रहीं.**

मंडी में गेहूं 1544 की कुल 5,189 क्विंटल आवक दर्ज की गई. इस किस्म का न्यूनतम भाव 1750 रुपये, अधिकतम भाव 2650 रुपये तथा मॉडल भाव 2450 रुपये प्रति क्विंटल रहा। गेहूं का समर्थन मूल्य 2625 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है. वहीं गेहूं 306 (शरबती) की 180 क्विंटल आवक रही, जिसमें न्यूनतम भाव 2500 रुपये, अधिकतम 2781 रुपये और मॉडल भाव 2700 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया. सोयाबीन की 432 क्विंटल आवक मंडी में पहुंची. सोयाबीन का न्यूनतम भाव 3800 रुपये और अधिकतम 5588 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया, जबकि इसका मॉडल भाव 5250 रुपये प्रति क्विंटल रहा. सरकार द्वारा सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. धान की 4,388 क्विंटल आवक दर्ज की गई. धान का न्यूनतम भाव 1500 रुपये, अधिकतम 4172 रुपये और मॉडल भाव 3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। इसके अलावा चना की 227 क्विंटल आवक रही, जिसमें न्यूनतम भाव 3000 रुपये, अधिकतम 5275 रुपये और मॉडल भाव 5040 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। चना का समर्थन मूल्य 5875 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है. मसूर की 454 क्विंटल आवक दर्ज की गई. मसूर का न्यूनतम भाव 4270 रुपये, अधिकतम 6951 रुपये तथा मॉडल भाव 6140 रुपये प्रति क्विंटल रहा. वहीं सरसों की 440 क्विंटल आवक रही, जिसमें न्यूनतम भाव 5280 रुपये, अधिकतम 6170 रुपये और मॉडल भाव 6044 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया. सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है. इसके अलावा मक्का की 373 क्विंटल आवक रही, जिसका न्यूनतम भाव 1240 रुपये और अधिकतम 1491 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया. तिवड़ा की 245 क्विंटल आवक के साथ इसका अधिकतम भाव 3242 रुपये रहा. बटरी की 8 क्विंटल और धनिया की 6 क्विंटल सीमित आवक भी मंडी में दर्ज की गई, जिनके भाव क्रमशः 3250 रुपये और 7104 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचे.